आकाशवाणी श्री विजयपुरम

<>

दिनांक : 22.11.2026 समय : 0705

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि IIT और ITI दोनों भारत की अनमोल धरोहर, देश की शक्ति और भविष्य का आधार हैं।
- अंडमान निकोबार द्वीप समूह में जनजातीय स्व–सहायता समूहों के उत्पादों को मिलेगी राष्ट्रीय पहचान, ग्रामीण आजीविका मिशन ने ट्राइफेड के साथ मिलाया हाथ।
- शहीद द्वीप के युवाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल, आधुनिक फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और ड्रोन संचालन का दिया गया प्रशिक्षण।
- राष्ट्रीय स्मारक सेलुलर जेल में 29 नवंबर से बदल जाएगा ध्वनि एवं प्रकाश शो का समय, प्रशासन ने जारी किया नया कार्यक्रम।


<>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि युवाओं को सशक्त बनाने और देश की प्रगति को गति देने में कौशल विकास तथा तकनीकी प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री मोदी कल उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आयोजित पांचवें कौशल दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आई आई टी हो या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान–आई टी आई, दोनों ही देश की अनमोल धरोहर हैं। ये संस्थान देश की ताकत और भारत के भविष्य का आधार हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुशल लोगों का रोजगार का स्थान ए.आई कभी नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी कौशल विकास पर बल दिया गया है। श्री मोदी ने कहा कि भारत इस समय दुनिया की कौशल राजधानी बनरहा है।

<>


जनजातीय समुदायों की आजीविका को मजबूत करने और उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए अंडमान निकोबार द्वीप समूह ग्रामीण आजीविका मिशन ने ट्राइफेड और जनजातीय कल्याण विभाग के साथ मिलकर नई पहल शुरू की है। इस कार्यक्रम में ग्रामीण विकास निदेशक और ट्राइफेड के क्षेत्रीय प्रमुख शामिल हुए। इस साझेदारी का उद्देश्य जनजातीय स्व–सहायता समूहों द्वारा बनाए गए पारंपरिक हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। इसके तहत समूहों को उत्पाद की गुणवत्ता, आकर्षक पैकेजिंग और सही कीमत तय करने का मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम में उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए स्व–सहायता समूहों का पंजीकरण भी किया गया।



आई टी आई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजेश राय ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात की। बैठक के दौरान उपराज्यपाल ने संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के तहत शेष तीन जनजातीय परिषदों को जल्द से जल्द इंटरनेट से जोड़ने का आग्रह किया। इसके अलावा हर स्कूल को स्मार्ट कक्षा सुविधा, पंचायतों, थानों और अस्पतालों को इंटरनेट से जोड़ने तथा बी एस एन एल द्वारा घरों में दिए जा रहे इंटरनेट कनेक्शन के काम में तेजी लाने पर चर्चा हुई।



अंडमान निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने द्वीपवासियों से जुड़े विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की। उपराज्यपाल ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए।



मरीन हिल स्थित मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र में कल विश्व मत्स्य दिवस 2026 मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मत्स्य सचिव पल्लवी सरकार और विशिष्ट अतिथि के रूप में मत्स्य निदेशक नीलेश निशिकांत गुरव शामिल हुए।

संवाद सत्र के दौरान मछुआरा संघों के प्रतिनिधियों ने बीमा और कल्याण से जुड़े सुझाव रखे, जिन्हें सचिव ने गंभीरता से सुना।

<>

राज्य पुस्तकालय के सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह–2026 का समापन हुआ। सप्ताह भर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कार्मेल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने इस वर्ष की सर्वश्रेष्ठ विद्यालय की विशेष ट्रॉफी जीती। मुख्य अतिथि, राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या अर्चना सिंह ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की। वहीं, उप शिक्षा निदेशक ओम प्रकाश ने जीवन में किताबों का महत्व बताते हुए छात्रों से पढ़ने की आदत डालने का आग्रह किया।

<>


पर्यटन विभाग और भारतीय फोटोग्राफी संस्थान, नोएडा द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए शहीद द्वीप में आयोजित आठ दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 12 से 19 नवंबर तक चले इस कार्यक्रम में युवाओं को आधुनिक फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, ड्रोन कैमरे के संचालन, पानी के भीतर फोटोग्राफी और रात्रि आकाश फोटोग्राफी की बारीकियां सिखाईं।

<>


सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय के अनुसार राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल में आयोजित होने वाले ध्वनि और प्रकाश शो के समय में 29 नवंबर से परिवर्तन किया जा रहा है। नए समय के अनुसार पहला शो शाम साढ़े पांच से छ बजकर पंद्रह मिनट तक, दूसरा शो शाम साढ़े छ बजे से सात बजकर पंद्रह मिनट तक, तीसरा शो रात साढ़े सात बजे से आठ बजकर पंद्रह मिनट तक और चौथा शो रात साढ़े आठ बजे से नौ बजकर पंद्रह मिनट तक चलेगा। प्रशासन ने सभी पर्यटकों और दर्शकों से बदले हुए समय के अनुसार ही अपनी यात्रा की योजना बनाने का अनुरोध किया है।

<>

पर्यटन निदेशालय और होटल प्रबंधन संस्थान मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. बी. आर. आंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, डॉलीगंज में होमस्टे संचालकों के लिए आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कल संपन्न हुआ। 16 से 21 नवंबर तक चले इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक अमोल बलकवड़े ने प्रतिभागियों को स्थानीय उत्पादों से पौष्टिक भोजन बनाने, रसोई की स्वच्छता, भोजन की बर्बादी रोकने और खाद्य सुरक्षा मानकों की व्यावहारिक जानकारी दी। समापन सत्र में पर्यटन निदेशक आकांक्षा सिंह ने कहा कि होमस्टे संचालक पर्यटकों के सीधे संपर्क में रहते हैं और उनका व्यवहार द्वीप की छवि बनाता है।



ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा प्रदर्शनी मैदान में आयोजित सरस आजीविका मेला 2026 के सातवें दिन लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। मेले में करीब 650 आगंतुक पहुंचे और कुल दो लाख चौदह हजार तीन सौ तिरासी रुपये की बिक्री दर्ज की गई। शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नानकौड़ी, कैंपबेल बे, रंगत और मायाबंदर से आए कलाकारों ने 12 मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत एकल गायन से हुई, जिसके बाद नानकौड़ी और कैंपबेल बे के दलों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर द्वीप की कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह मेला 29 नवंबर तक चलेगा, जहां प्रशासन ने ग्रामीण महिला उद्यमियों और कारीगरों को प्रोत्साहित करने के लिए लोगों से मेले में आने की अपील की है।



विम्बर्लीगंज शैक्षिक क्षेत्र द्वारा मिनी स्टेडियम, विम्बर्लीगंज में अंडर–17 बालक और बालिका वर्ग की अंतर–विद्यालय खो–खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। फाइनल मुकाबलों में बालक वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टुशनाबाद ने विम्बर्लीगंज स्कूल को हराया, जबकि बालिका वर्ग में क्रेसेंट पब्लिक स्कूल ने एम ई एस आजाद नगर को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

